2023/141

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट	बनाम	अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट
श्री विकास कुमार निवासी 34, हीरागर वास तरतोली तहसील आबूरोड जिला सिरोही।		सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005** मुकदमा नं. 36 वर्ष 2023

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
24.08.2023	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही को दिनांक 12.07.2023, को एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि जनसुनवाई में कलक्टर साहब ने अपीलार्थी को पट्टा दिए जाने के सम्बन्ध में आदेश दिया था। उस आदेश पर क्या कार्यवाही हुई। उस समस्त कार्यवाही की प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं। मैने पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही को दिनांक 12.07.2023, को एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि जनसुनवाई में कलक्टर साहब ने अपीलार्थी को पट्टा दिए जाने के सम्बन्ध में आदेश दिया था। उस आदेश पर क्या कार्यवाही हुई। उस समस्त कार्यवाही की प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। पत्रावली के अवलोकन से यह पाया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई उपरोक्त सूचना के सम्बन्ध में यह स्पष्ट नहीं किया है कि किस दिनांक की जनसुनवाई में अपीलार्थी को पट्टे दिए जाने के सम्बन्ध में आदेश दिया गया था और न ही अपीलार्थी द्वारा उक्त आदेश की प्रति प्रस्तुत की है। अतः अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना स्पष्ट नहीं होने से अपीलार्थी को सूचेना उपलब्ध करवाया जाना सम्भव नहीं है। अतः ऐसी स्थिति में अपीलांट की अपील खारिज की जाती है। निर्णय सरे इजलास सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। (डॉ. भँवर लाल) **जिला कलक्टर, सिरोही**	

Scanned with CamScanner